चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 185 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

29 दिसंबर 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

25 अधिकतम

10 न्यूनतम



Page-5

## दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हादसा

# लैंडिंग गियर खराब, विमान फिसला फिर बना आग का गोला, 120 मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज एक विमान के रनवे से उतरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कई लोगों की मौत हो गई। अब तक 120 शव बरामद किए जा चुके हैं।रेस्क्यू टीम ने जानकारी दी है कि 2 लोगों को जिंदा बचा लिया गया है। बाकी 59 यात्रियों में से कई के मारे जाने की आशंका जताई गई है। खबरों के मुताबिक, यह दुर्घटना उस समय हुई जब थाईलैंड से उड़ान भरने वाले 175 यात्रियों और 6 क्रू मेंबर्स को लेकर जेजू एयर का विमान हवाई अड्डे पर उतर रहा था। हादसे का एक वीडियो सामने आया है जिसमें विमान रनवे से उतरकर दूर तक फिसलता हुआ दिखाई दे रहा है और आगे जाकर एक फेंसिंग से टकरा जाता है। टकराने के बाद विमान में एक जोरदार धमाका हुआ और इसके परखच्चे उड़ गए। टकराने के तुरंत बाद ही विमान में आग लग गई । अधिकारियों ने बताया कि थाईलैंड के बैंकॉक से उड़ान भरने वाला यह विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 9.07 बजे दक्षिण-पश्चिमी हवाई अड्डे पर उतरते समय रनवे से फिसल गया और फेंसिंग से टकरा गया। बताया जाता है कि 173 यात्री दक्षिण कोरियाई थे और दो थाई नागरिक थे। लैंडिंग गियर में खराबी के कारण विमान रनवे से भटक गया और बाड़ से टकरा गया। अधिकारियों ने कहा कि वे आग लगने के सही कारण की जांच कर रहे हैं. विजुअल्स में विमान को लैंडिंग गियर खोले बिना उतरते हुए दिखाया गया और अंत में विस्फोट हो गया।

* पहिए न खुलने पर विमान की इमरजेंसी में बैली लैंडिंग कराई गई, इसमें प्लेन की बॉडी सीधे रनवे से टकराती है
* विमान रनवे पर फिसलता हुआ एयरपोर्ट की बाउंड्रीवॉल से टकराया



**दो बार लैंडिंग की कोशिश , दूसरी बार हादसा:** जेजू एयरलाइन का जो प्लेन क्रैश हुआ है, वह अमेरिकी कंपनी बोइंग का 737-800 प्लेन है। प्लेन ने एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए दो बार कोशिश की। पहली बार में भी लैंडिंग गियर नहीं खुलने की वजह से प्लेन लैंड नहीं हो पाया था। इसके बाद प्लेन ने एयरपोर्ट का एक चक्कर लगाया था। पायलट ने दूसरी बार प्लेन को बिना लैंडिंग गियर के ही लैंड करा दिया। कई मीडिया रिपोर्ट्स में मुताबिक प्लेन के विंग से पक्षी के टकराने का दावा किया जा रहा है। इसकी वजह से लैंडिग गियर खराब हुआ और लैंड करते वक्त खुल नहीं पाया।

# मनमोहन की अस्थियां यमुना नदी में प्रवाहित विवादों का सागर गहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**कांग्रेस ने 7 सवाल उठाए**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियों को आज दिल्ली के गुरुद्वारा मजनू का टीला लाया गया और बाद में यमुना घाट पर अस्थि विसर्जन कर दिया गया। अब यहां शब्द कीर्तन, पाठ और अरदास किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार कल ही निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया था। दूसरी तरफ पूर्व प्रधानमंत्री डा सिंह के स्मारक को लेकर विवाद के बीच अब कांग्रेस ने उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि डॉ.सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार में सरकार की तरफ से अव्यवस्था और अनादर देखकर हैरानी हुई। खेड़ा ने सात पॉइंट में अंतिम संस्कार से जुड़ी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के परिवार के लिए 3 ही कुर्सियां रखी गई थीं। परिवार के बाकी लोगों के लिए कुर्सियां मांगनी पड़ीं। इसके अलावा खेडा ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि जब डॉ. सिंह की पत्नी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया और गन सैल्यूट दिया गया तो पीएम मोदी और मंत्री खड़े नहीं हुए। खेडा ने कहा कि इस अव्यवस्था और अनादर से साफ होता है कि एक महान नेता के प्रति सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों में कितनी कमी है। डॉ. सिंह सम्मान और गरिमा के हकदार थे। इससे पहले राहुल गांधी ने कहा था कि सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है। हालांकि सरकार कह चुकी है कि डा सिंह का स्मारक बनाया जाएगा और इसके लिये जगह की तलाश की जा रही है।

**क्या है विवाद और नियम:** दरअसल कांग्रेस ने राजघाट पर अत्येंटी व स्मारक बनाने की मांग की थी। शिरोमणि अकाली दल व आप ने इस पर सहमत रहे। हालांकि 2013 में मनमोहन सिंह ने राजघाट परिसर में समाधि स्थल बनाने के लिए नीति में बदलाव किया था। नई नीति के तहत समाधि स्थलों का निर्माण सिर्फ वीवीआईपी और राष्ट्रीय योगदान देने वाले नेताओं के लिए ही किया जाता है। सरकार ने इसके पीछे जगह की कमी को वजह बताया था। वैसे, देश में अंत्येष्टि वाली जगह पर ही समाधि बनाने का कोई संवैधानिक नियम नहीं है, लेकिन यह एक प्रथा बन गई है। पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे कई नेताओं की समाधियां अंत्येष्टि वाली जगह पर बनाई गईं। इसलिए कांग्रेस ने मनमोहन सिंह के लिए अलग से जगह मांगी थी।

## पुल से नीचे गिरी यात्री बस, कई घायल

**खंडवा, एजेंसी।** आज तडके शहर के करीब ठिठियाजोशी गांव में 4 बजे एक यात्री बस आबना नदी के पुल से नीचे जा गिरी। हादसे में 18 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 13 एंबुलेंस वाहनों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, यात्री बस चौहान कंपनी की है, जो कि अमरावती की ओर से खंडवा आ रही थी। बस को इंदौर इंदौर जाना था। इस दौरान ठिठियाजोशी के पुल पर अचानक हादसा हो गया। सभी घायलों को मामूली चोट आई है। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। हादसे में घायल ज्यादातर लोग रीवा, इंदौर और नागपुर के रहने वाले है।

## भोपाल में बारिश का रेकार्ड टूटा भारी हिमपात



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मौसम के बदले मिजाज ने भोपाल में बारिश ने पांच साल का रेकार्ड तोड दिया। यहां 15 मिमी बारिश हुई है। कई जिले इस वक्त तरबतर हैं। वहीं पहाडों पर बर्फबारी, ओलावृष्टि और बारिश से पूरा देश ठिठुर रहा है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों पर साल का सबसे भारी हिमपात हुआ।श्रीनगर में 8 इंच, गांदरबल में 7 इंच, सोनमर्ग में 8 इंच बर्फ गिरी। वहीं, पहलगाम में 18 इंच बर्फ गिरी। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। 1200 गाड़ियां फंसी हुई हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट भी बंद है। हिमाचल प्रदेश में शनिवार रात बर्फीला तूफान चला। राजस्थान- में बारिश हुई।

## गहलोत के बनाए 9 जिले भजनलाल ने समाप्त किए

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में अब 50 नहीं 41 जिले ही रहेंगे। करीब डेढ साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बनाए 9 जिले, 3 संभाग मौजूदा सीएम भजनलाल शर्मा ने खत्म कर दिये हैं। अब1 10 की जगह राजस्थान में 7 संभाग होंगे। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा, नए जिले बनाने में वित्तीय संसाधन और आबादी को अनदेखा किया गया था। गहलोत ने मार्च 2023 में ये जिले और संभाग बनाने का ऐलान किया था।

## नीतीश के पिता ने गावस्कर के पैरों पर सिर रखा

# 'मुझे तब लगा कि क्रिकेट सिर्फ मजे के लिए नहीं खेल सकता'

**मेलबर्न, एजेंसी**



बाक्सिंग टेस्ट का सबसे भावुक क्षण

बाक्सिंग टेस्ट में करियर का पहला शतक लगाने नीतीश रेड्डी के पिता मुत्याला रेड्डी ने पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर से मिलकर उनके पैरों पर सिर रखकर नमस्कार किया तो गावस्कर बहुत भावुक हो गये और रोने लगे। उन्होंने मुत्याला को उठाया और गले से लगा लिया। उन्होंने मुतल्या से कहा, आपके बलिदान की वजह से भारत को नीतीश रेड्डी नाम का हीरा मिला है। हम जानते हैं कि आपने कितना त्याग किया है। बहुत संघर्ष किया है। आपकी वजह से मैं रो रहा हूं। मेलबर्न में चौथे मैच के तीसरे दिन नीतीश ने करियर का पहला शतक बनाया था। तब सुनील गावस्कर ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। नीतीश ने कहा था, बचपन में मैं क्रिकेट के प्रति ज्यादा सीरियस नहीं था। मगर मेरे पिता ने मेरे लिए नौकरी छोड़ दी थी। एक दिन मैंने पैसे की कमी के कारण उन्हें रोते हुए देखा। तब मुझे अहसास हुआ कि इस तरह मजे के लिए क्रिकेट नहीं खेली जा सकती। यहां से मैं क्रिकेट के प्रति पूरी तरह सीरियस हो गया। मैंने बहुत ज्यादा कड़ा परिश्रम किया और इसका मुझे रिजल्ट मिला। अब मुझे खुद पर गर्व है कि मेरे पिता अब खुश हैं।

# रेस्क्यू : बोरवेल से बेहोशी की हालत में सुमित को निकाला, चेतना 6 दिन से फंसी

**गुना, एजेंसी**



बीती रात गुना जिले में बोरवेल में गिरे 10 साल के मासूम को बाहर निकाल लिया गया है। सुमित नामक यह बालक पिपलिया गांव में एक बोरवेल में गिर गया था, जिसे बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसकी जानकारी देते हुए गुना के एएसपी मानसिंह ठाकुर ने का है कि सुमित कल दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बोरवेल में गिर गया था। उसे बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान शाम करीब छह बजे शुरू हुआ आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे सुमित को बोरवेल से बाहर निकाला गया।% उसे अस्पताल ले जाया गया है, उसकी सांसें धीमी थी तथा वह बेहोश था। बाद में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया।इससे पहले राघौगढ़ के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने बच्चे के गिरने की जानकारी देते हुए कहा था कि बच्चा करीब 39 फीट की गहराई पर फंसा हुआ था। गुना कलेक्टर सतेंद्र सिंह ने बताया कि बोरवेल करीब 140 फीट गहरा है। बच्चे को बचाने के लिए 25 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था। देर शाम भोपाल से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक टीम भी मौके पर पहुंची थी। बोरवेल में ऑक्सीजन पंप किया गया था। उधर, राजस्थान के कोटपुतली में 6 दिन पहले खुले बोरवेल में गिरी 5 वर्ष की चेतना को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन अभी तक जारी है। एनडीआरएफ के जवान तीन बार में 170 फीट गहरे गड्ढे में उतरे हैं।

# मन की बात में कुंभ का जिक्र किया मोदी ने

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रेडियो कार्यक्रम मन की बात में प्रयागराज में होने वाले कुंभ का जिक्र किया और कहा कि कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। मोदी ने संविधान का जिकग करते हुए कहा कि 26 जनवरी को हमारे संविधान को 75 वर्ष हो रहे हैं।यह समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट है।



**ऑक्सीजन सपोर्ट पर पहुंचे संत:** इधर प्रयागराज के कुंभ मेले में लगातार देश-विदेश से संत-महात्मा व अखाड़ों के प्रमुख पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में आवाहन अखाड़े के शिविर में महंत इंद्र गिरी महाराज ने पहुंचकर सबको चौंका दिया। डॉक्टर ने महंत इंद्र गिरी को बताया है कि उनके दोनों फेफड़े 97 प्रतिशत से ज्यादा डैमेज हैं। वे ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। वे हिसार से कुंभ मेले में पहुंचे। यह देख हर कोई उनके सामने नतमस्तक है। महंत को चार साल पहले डॉक्टरों ने सलाह दी थी कि वे आश्रम से बाहर न जाएं, लेकिन महंत ने अपनी इच्छाशक्ति और आस्था के बल पर महाकुंभ में आने का फैसला किया। उन्होंने कहा चाहे कुछ भी हो जाए, तीनों शाही स्नान के बगैर वापस नही जाएंगे।

**मेट्रो एंकर**

## धीरे-धीरे जागरूक हो रहे लोग, मगर लुटने वाले अभी भी ज्यादा

# ठगी के इरादे से वीडियो कॉल किया तो स्क्रीन पर मिला कुत्ता, आखिर में हंसते हुए काटा फोन

**मुंबई, एजेंसी**

इन दिनों साइबर फ्राड का बड़ा आतंक है। इस पूरे वर्ष डिजिटल अपराध, खासकर धोखाधड़ी के मामलों ने खूब सुर्खियां बटोरीं हैं और देशभर में करोड़ों रूपये का चूना लोगों को लगा है। ऐसे स्कैमर्स लोगों की निजी जानकारी जुटाकर उन्हें कॉल करके और फिर ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने की कोशिश करते हैं। हालांकि सरकार साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन यदि सतर्कता न बरती जाए तो ठगी का शिकार होना आसान है। हालंकि सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक रोचक वीडियो बहुत देखा जा रहा है।

दरअसल, हाल ही में इन घटनाओं के बीच मुंबई की एक घटना सभी का ध्यान खींच रही है। इसमें एक स्कैमर ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए वीडियो कॉल किया, लेकिन उसकी योजना तब उल्टी पड़ गई, जब फोन रिसीव करने वाले शख्स ने वह हरकत की, कि स्कैमर की पूरी योजना धरी की धरी रह गई। जब स्कैमर ने वीडियो कॉल किया, तो कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने अपने पालतू कुत्ते को कैमरे के सामने बैठा दिया और उसी के जरिए स्कैमर से बातचीत करने लगा। स्कैमर बार-बार व्यकि् को कैमरे में सामने आने को कहा लेकिन वह शख्स मजाकिया लहजे में अपने कुत्ते को दिखाते हुए कहता- सर, ये आ गया है कैमरे में, अब बताइए। आखिर में स्कैमर खुद को हंसने से रोक नहीं पाया और कुछ देर बाद उसने खुद ही कॉल काट दिया। इसका वीडियो जारी करने वाले ने



कैप्शन में लिखा गया- मुंबई पुलिस बनने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्कैम कॉल फ्लॉप हो गया। कई यूजर्स ने इस पर मजेदार कमेंट भी किये है। एक यूजर ने लिखा हैकर खुद ही हंसते-हंसते पस्त हो गया। दूसरे ने कहा, 'क्या स्कैमर बनेगा रे तू?'

## भोपाल में स्मार्ट मीटर के नाम पर ठगी की कोशिश



इधर भोपाल में हाल के दिनों में स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को ठगने की कोशिश हो रही है। इसके लिये बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल पर फोन करके कहा जा रहा है कि वे प्रीपेड स्मार्ट मीटर का आवेदन नहीं कर पाए हैं और उनका मौजूदा पुराना मीटर आज ही कट सकता है, लिहाजा उपभोक्ता ऑनलाइन फार्म भरकर भेजें। इतना कहने के बाद आनलाइन फार्म भी भेजकर डिटेल मांगी जा रही है। कुछ लोगों को बिजली बिल के नाम पर फोन किये जा रहे हैं।

# बारिश के बाद हर तरफ पानी ही पानी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। शहर में तेज बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरा गया।





# मानव संग्रहालय परिसर में होगी जीआइएस प्रधानमंत्री करेंगे 24 फरवरी को शुभारंभ

## देश के 20 हजार और 25 देशों के 1000 निवेशक होंगे शामिल, मुख्यमंत्री ने आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा की

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस-2025) होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को शुभारंभ करेंगे। 20 हजार देशी और 25 देशों के 1000 विदेशी निवेश शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जीआइएस की तैयारियों को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक बुलाई थी, जिसमें अधिकारियों से चर्चा करने के बाद स्थान तय किया। जीआईएस के एक दिन पूर्व 23 फरवरी की शाम को फायर साइड चैट का आयोजन किया जाएगा। इस वर्चुअल संवाद में मुख्यमंत्री डॉ. यादव देश के बड़े उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ संवाद करेंगे।

### थीमेटिक सेशन में यह होगा

25 फरवरी को सुबह 10.30 से शाम 5.30 तक छह थीमेटिक सेशन होंगे। हायर एजूकेशन एवं स्किल डेवलपमेंट,फूड प्रोसेसिंग एवं हार्टिकल्चर, स्मॉल स्केल एवं कॉटेज इंडस्ट्री, टेक्सटाइल एवं अपैरल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर्स पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### कंट्री सेशन ऐसा होगा

25 फरवरी को कंट्री सेशन भी होंगे। इसमें जर्मनी द्वारा इंजीनियरिंग एक्सीलेंस एण्ड सस्टेनबिलिटी, यूनाईटेड किंगडम (यूके) द्वारा शिक्षा, आईटी एवं सेवा क्षेत्र में, साऊथ कोरिया द्वारा इनोवेशन इन टेक्नॉलाजी एण्ड स्मार्ट मेन्यूफेक्चरिंग सेक्टर में तथा जापान द्वारा एडवांस टेक्नॉलाजीस एण्ड इंडस्ट्रियल कोलेबोरेशन सेक्टर में विस्तृत चर्चा होगी।





### सीआईआई नेशनल काऊंसिल मीट

24 फरवरी को कर्न्फेडरेशन ऑफ इंडियन इन्डस्ट्रीज (सीआईआई) के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं डायरेक्टर जनरल सहित प्रमुख उद्योगपतियों की उपस्थिति में सीआईआई की नेशनल काऊंसिल मीट होगी। इसमें मध्यप्रदेश को भारत के औद्योगिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करने तथा विकसित मध्यप्रदेश के विजन को साकार करने के लिए व्यापक रणनीति एवं कार्य योजना तैयार करने पर चर्चा होगी।

**पहला दिन:** आईटी एवं टेक्नोलॉजी समिट होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही एमपी मोबिलिटी एक्सपो, सेंट्रल इंडिया फेब्रिक एवं फैशन एक्सपो, एमपी लिगेसी पवेलियन की गतिविधियां व बी-टू-बी मीटिंग्स भी समानांतर चलेंगी।

**दूसरा दिन:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग करेंगे। साथ ही प्रवासी एमपी समिट, इन्फ्रॉस्ट्रक्चर एण्ड अर्बन डेवलपमेंट समिट और टूरिज्म समिट, एमएसएमई तथा स्टार्ट-अप समिट, माइनिंग समिट, ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा समिट भी होंगी। साथ ही एमपी मोबिलिटी एक्सपो, सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एण्ड फैशन एक्सपो, एमपी पैवेलियन की गतिविधियां, बिजनेस-टू-बिजनेस (बी-टू-बी) मीटिंग्स एवं बिजनेस-टू-कन्ज्यूमर्स (बी-टू-सी) मीटिंग्स भी समानांतर चलेंगी।

# कर्ज में डूबी सरकार की हजारों करोड़ की धान पर पड़ा पानी, खराब होना तय

## सरकारी केंद्रों पर खरीदी गई थी धान, समय पर नहीं किया उठाव

**भोपाल. एजेंसी**

कर्ज में डूबी सरकार के खजाने पर शुक्रवार, शनिवार को पानी फिर गया। हजारों करोड़ रुपये की खरीदी गई धान भींग गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि केंद्रों पर खरीदी गई धान का समय पर उठाव नहीं हुआ। यह बाहर खुले आसमान के नीचे रखी रही। विशेषज्ञों के मुताबिक पानी में भींगने के बाद धान खराब हो जाती है। यदि उसे सूखाया भी जाता है तो चावल में टूट निकलती है, बदबू आने लगती है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने सफाई दी है कि गोदामों में बनाए खरीदी केंद्रों के बाहर 1.41 लाख, समिति स्तर पर बनाए केंद्रों के बाहर 6.41 लाख और वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन व एफसीआई के गोदामों के बाहर 1.70 लाख मीट्रिक टन धान रखा है जिसके लिए तिरपाल व पन्नी आदि की व्यवस्था की गई थी, उसे भींगने नहीं दिया गया।

### जिलों में ये हाल: करोड़ों की धान भींगी, जबलपुर में मोटर पंप से निकालना पड़ा पानी



बारिश के कारण प्रदेश भर में फसलों को तो फायदा हुआ लेकिन सरकारी केंद्रों पर खरीदकर रखा धान पानी की भेंट चढ़ गई। जबलपुर में तो खरीदकर रखी 16 हजार मीट्रिक धान में इतना पानी भर गया कि मोटर पंप लगाकर निकालना पड़ा। सतना, मैहर में भी 345 करोड़ की 15 लाख क्विंटल धान पर पानी पड़ा। नर्मदापुरम में खुले में रखी 2 हजार मीट्रिक टन धान भींग गई। सागर में जैसे—तैसे तिरपाल से ढकी लेकिन बच नहीं पाई। बालाघाट में भी परिवहन करने में भी देरी हुई। रीवाा में भी स्थिति इसी तरह खराब हुई है।

### गेहूं भींगने पर भी सबक नहीं लिया

पिछले पर सरकारी दाम पर खरीदा गया गेहूं भी लापरवाही के चलते भींग गया था, जिसे बाद में सूखाना पड़ा था। हजारों मीट्रिक टन गेहूं तो तब भी खराब हो गया था, जिसे शराब कारोबारियों को बेचने की नौबत पड़ गई थी। करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। इस स्थिति से गुजरने के बावजूद सरकार ध्यान नहीं दे पाई। हालांकि जब से धान खरीदी शुरू हुई तब से सीएम ने अधिकारियों को सचेत किया था कि खरीदी के साथ परिवहन पर भी जोर दिया जाए लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया।

*पहले से बंद खरीदी, आगे भी कुछ दिन रहेगी*- खराब मौसम के बीच बीते चार दिनों से कई जिलों में अघोषित रूप से खरीदी बंद थी। अब रविवार से अगले 4 दिन तक खरीदी बंद रखी जाएगी।

# 'पहली नियुक्ति' संस्कृति सलाहकार की, जंबो टीम भी जल्द

**श्रीराम तिवारी के बाद अब अन्य सलाहकार व निज स्थापना में प्रमुख पदों होगी नियुक्ति**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री की टीम में संस्कृति सलाहकार की पहली नियुक्ति के बाद अन्य नियुक्ति के रास्ते भी खुल सकते हैं। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी को संस्कृति सलाहकार की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। अब राजनीतिक, मीडिया, कृषि, पर्यटन, शिक्षा समेत अन्य जरुरी क्षेत्रों में सलाहकारों की नियुक्ति होनी है। अगले दो से तीन महीने में यह नई टीम जमीन पर काम शुरू कर सकती है। श्रीराम तिवारी वीर भारत न्यास के सचिव है। पूर्व से अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं। सीएम के करीबी बताए जाते हैं। यही वजह है कि उन्हें निदेशक की जिम्मेदारी के साथ-साथ संस्कृति सलाहकार की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। सूत्रों के मुताबिक समय-समय पर सरकार में रह चुके लोगों को तवज्जो मिलना मुश्किल है। मगर जिन वर्गों ने मप्र को गढ़ने और गति देने में अच्छा काम किया है, वहां से टीम में लोगों को शामिल किया जा सकता है। जानकारों के मुताबिक ये नियुक्तियां पहले ही हो जानी चाहिए थी लेकिन लोकसभा व उप चुनावों के चलते देरी हुई है। सरकारों के कामकाज पर नजर रखने वाले जानकारों की माने तो मप्र कई क्षेत्रों में तरक्की कर रहा है। अब मोहन सरकार पर विकसित मप्र से लेकर विकसित भारत के लक्ष्यों को पूरा करने जैसी जिम्मेदारियां है। सरकार के एक साल भी पूरे हो गए हैं। ऐसे में जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ती जा रही है। सरकार से नई योजनाएं और बदलाव लाने वालो नए कामों की अपेक्षाएं है। जिन्हें पूरा करने के लिए अलग-अलग स्तर पर टीम की जरुरत होती है।

# भाकपा शताब्दी समारोह: जनता को लामबंद करना ऐतिहासिक दायित्व



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के 100 वे वर्ष के अवसर पर शताब्दी समारोहों की श्रृंखला की प्रथम कड़ी के तहत स्थानीय गांधी भवन भोपाल में समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पार्टी की राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड अमरजीत कौर ने फासीवाद के गहराते संकट के खिलाफ प्रतिरोध हेतु जनता को लामबंद करना भाकपा का ऐतिहासिक दायित्व निरूपित किया। कौर ने मानव जाति के विकास क्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना को एक महत्वपूर्ण कदम बताया व कहा कि स्वाधीनता अर्जित करने, प्रतिगामी प्रवृत्तियों को रोकने और फासीवाद के खिलाफ जनता को प्रतिरोध हेतु तैयार करने के उद्देश्य से ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी ।भारत की आज़ादी के आन्दोलन में और आज़ादी के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जनता के हित में संघर्ष किया है और कुर्बानियां दी हैं ।वर्तमान में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के जन विरोधी चरित्र के कारण मानवता संकट में है। इसके पूर्व पार्टी के संघर्ष और कुर्बानी पर केन्द्रित विषय पर कॉमरेड अरविन्द श्रीवास्तव और कॉमरेड अजित कुमार जैन ने संबोधित किया।साहित्यिक परिदृश्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के योगदान पर वरिष्ठ साहित्यकार रमाकांत श्रीवास्तव के संदेश का पाठ कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने किया। इस अवसर पर भाकपा के वरिष्ठतम सदस्य कृष्णा मोदी का अभिनन्दन किया गया। प्रारंभ में सत्यम पाण्डे ने शताब्दी वर्ष में भाकपा के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर भाकपा के एक सदी के इतिहास पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगाई गई।

**मेट्रो एंकर** — आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण प्रशिक्षण शिविर का समापन

# दवा रहित समाज का निर्माण करना है आरोग्य शिविर का उद्देश्य: टेवानी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के आरोग्य केन्द्र निरोगी जीवन के लिए हर माह रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर÷ का शनिवार को समापन हुआ, शिविर में देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधकगणों ने हिस्सा लिया। समापन सत्र में डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ हैं, इस जीवन का अंतिम लक्ष्य यह हैं कि हम प्रभु के चरणों मे समा जाए, ये लक्ष्य पूरा तब होता हैं जब हम तन व मन से स्वस्थ हो, तन से स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा, मन से स्वस्थ होने के लिए ध्यान, प्राणायाम और योग व जीवन को सार्थक करने के लिए समाज सेवा। इस शिविर का उददेश्य पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में डॉ लता टेवानी आभार व्यक्त किया । शिविर में डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्स, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर की दिक्कत का इलाज किया गया। नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएँ कर साधकगणों ने अपनी दिक्कतों से राहत महसूस की।अगला शिविर 31 दिसम्बर 2024 से 09 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा।



# विज्ञान सिर्फ लैब तक सीमित नहीं, यह जीवनचर्या का हिस्सा

**भोपाल।** राजधानी में चल रहे विज्ञान मेले में ज्ञान, संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नवाचारों का संगम देखा जा रहा है। बीते दिन कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थी संवाद सत्र के साथ हुई। जिसमे मुख्य वक्ता डॉ. सुनील चतुर्वेदी थे । सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों और वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना था। डॉ. चतुर्वेदी ने विज्ञान को रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ते हुए छात्रों को बताया कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने विज्ञान को ÷अज्ञात से ज्ञात की ओर यात्रा÷ के रूप में परिभाषित किया और बताया कि विज्ञान का उद्देश्य नई खोजों और नवाचारों के माध्यम से मानव जीवन को सरल और बेहतर बनाना है। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे शोध हमारे भविष्य को आकार देता है और विज्ञान के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए 18वीं शताब्दी तक के महत्वपूर्ण वैज्ञानिक घटनाक्रमों की जानकारी दी। छात्रों ने विज्ञान से जुड़े कई रोचक सवाल पूछे, जिनका चतुर्वेदी ने सरल और सटीक भाषा में उत्तर दिया। विज्ञान मेले में छात्रों और कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा 150 से अधिक वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए। इन मॉडलों में कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और तकनीकी समस्याओं के समाधान पर आधारित नवाचारों को प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में विशेष रूप से उन मॉडलों को सराहा गया, जो दैनिक जीवन की समस्याओं का व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करते हैं।

# किसान संगोष्ठी आयोजित : जैविक खेती करने में ही कृषक और मृदा की भलाई

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

आधुनिक युग में किसान अपनी खेती में खड़ी फसलों में कीटो को नियंत्रण करने और उत्पादन बड़ाने के लिए विभिन्न कंपनी की दवाईयां उपयोग कर रहे हैं, इससे मिट्टी की उर्वरता के साथ साथ बीमारियों का भी मनुष्यों पर प्रकोप हो रहा हैं, अगर इस पद्धति को नही सुधरा गया तो देश की आबादी के 30त्न लोग कैंसर पीड़ित हो जाएंगे अतः शिवशक्ति वायो ग्रुप द्वारा गाँव गाँव जाकर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम निपानिया जिला नर्मदापुरम में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कृषि अधिकारी वीर सिंह मालवीय और कृषि अधिकारी सुनील मीणा ने किसान भाईयों को बताया जो कि अपनी परम्परागत खेती से भटक कर रसायनिक खाद एवं उर्वक की ओर चले गये है उसकी जानकारी दे कर बताया जा रहा है कि जैविक खेती में ही किसान भाईयों का भविष्य सुरक्षित है तथा कम कीमत में जीवाणु भूमि की संरचना को सुधारते है जैविक खाद एवं दवाईयों के प्रयोग से भूमि की उर्वक शक्ति बढती है और किसान मित्र कीटों




एवं जीवाणुओं की संख्या बढती है जो कि भूमि के लिये अति आवश्यक है।

आज के बढते रासायनिक खाद एवं कीट नाशकों के प्रयोग से भूमि की स्थिति खराब होती जा रही है जमीन में कारवन की न्यूनतम मात्रा 0.9 प्रतिशत आवश्यक होती है , मिट्टी के 31 हजार सैंपलों में से 29 हजार में कार्बन की मात्रा 0.6 - 0.7 आई है , रासायनिक खादों का प्रयोग करके फसलों पर तो दुष्प्रभाव पड ही रहा है साथ साथ मानव जीवन के लिये बहुत हानिकारक सावित हो रहा है। रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि के उपर एक कठोर परत जम गई है जिससे उसकी उपजाउ क्षमता में कमी आ रही है। किसानों को अवगत करा रहे है कि किसान बंधु कम लागत में अधिक पैदावार करके अपनी आर्थिक स्थिति तो सुधार ही सकते है इसके लिए जीवाणु का खेती मे महत्व बताकर साथ साथ भूमि की उपजाउ क्षमता को बढा कर अपनी अपनी मातृ भूमि की रक्षा कर के पर्यावरण प्रदूषण से बचा पायेगे। संगोष्ठी में उपस्थित सभी किसान भाईयों ने जैविक खेती करने का संकल्प लेते हुए प्रतिवर्ष एक से दो एकड़ रकबा जैविक खेती का प्रतिवर्ष बढाने का वचन दिया है।

## सीवर लाइन निर्माण कार्य से वाहन चालकों को हो रही परेशानी





**नर्मदापुरम।** सीवर लाइन निर्माण कंपनी की लापरवाही से रोज घटनाएं हो रही हैं. शनिवार को प्रातः से ही शहर में बारिश हो रही है. शहर में सीवर लाइन की खुदाई के बाद मिट्टी डालकर भर दिया जाने से बारिश की वजह से मिट्टी गीली होने से उसमें टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन फंस रहे है. जहां भी सीवर लाइन का काम चल रहा है.वहां पर लोगों को वाहन निकालने में असुविधा हो रही है.जिन्हें निकालने में वाहन मालिकों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है.

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को ने दी श्रद्धांजलि



**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष की रायशुमारी के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मौन रखा। भाजपा जिला अध्यक्ष अग्रवाल ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से राजनीतिक जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने डॉ. सिंह के योगदान को याद किया । इस मौके पर संभागीय पर्यवेक्षक जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश दिवाकर, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह जादौन , सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह राजपूत, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, भरतसिंह राजपूत, सुश्री राजो मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटैल, उपाध्यक्ष बुदकुंवर बैंकर, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, सविता दीवान शर्मा, ओमप्रकाश रघुवंशी, अर्जुन पलिया, पूर्व जिला अध्यक्ष संपत मूंदड़ा, शिव चौबे, कमल धूत, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रतिनिधि, नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### पुलिस द्वारा अवैध मदिरा की धरपकड़ जारी

# 480 पाव मसाला देशी अवैध शराब जप्त, तीन लोगों पर मामला दर्ज

**कुल 5.48 लाख रुपए की जब्ती**

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा पुलिस ने ईको कार ऋमाक एमपी 20 जेडई 0307 की घेरा बंदी कर कार में से 480 पाव मसाला देषी जप्त की गई है। साथ ही कार में सवार तीन लोगो के खिलाफ आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि जबलपुर पाटन की तरफ से 27 मील तेंदूखेडा की ओर अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने पर 27 मील पहुंचकर चैकिंग लगाई गई जो पाटन तरफ एक सफेद रंग की ईको कार आते दिखी लेकिन पुलिस को देखकर कार चालक तेंदूखेडा की तरफ भागा जिसका पीछा कर ईको कार को आचार्य विद्यासागर गौशाला वार्ड ऋमांक 08 तेंदूखेडा के पास रोक लिया गया। कार को चेक किया जो कार की बीच वाली सीट एवं पीछे सीट पर 10 खाकी रंग के कार्टून मे देशी लाल मसाला शराब के कुल 480 पाव देशी शराब (86.400 बल्क लीटर) कीमती 48000 रूपए एवं ईको कार कीमती करीब 5 लाख रुपये की जप्त की गई साथ ही आनंद पिता



मनोज रजक 19 साल, उदय पिता सुरेश रैकवार 19 साल एवं आशीष पिता हरिप्रसाद काछी 24 साल सभी निवासी जमुनिया थाना पाटन जबलपुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

कार्यवाही में शामिल में थाना प्रभारी तेंदूखेडा विजय अहिरवार, प्रआर. 799 बृजेश तिवारी, प्रआर. 04 रविचंद सेन, प्रआर.433 यशवंत सिंह, आर. 743 रंजीत राणा, आर 314 शैलेन्द्र बघेल, आर. 724 बृजेश सिंह, आर. 858 नंदलाल कुर्मी एवं सायबर सेल से प्रआर. राकेश अठ्या व आर. रोहित सिंह राजपूत का विशेष योगदान रहा।

### आबकारी विभाग द्वारा लाखों रूपये की अवैध मदिरा नष्ट की गई

**नर्मदापुरम।** आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं माह सितम्बर 2024 तक जिले में अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण, विनिर्माण, धारण एवं चैर्यनयन के विरुद्व चलाये गये विशेष अभियान के तहत आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कायम किये गये। कुल 4001 प्रकरणों में जप्त देशी मदिरा 4829 पाव, विदेशी मदिरा बीयर 30 बोतल (650 एमएल) 174 (500 एमएल केन), विदेशी मदिरा स्प्रिट 1416 पाव, कच्ची हाथभटटरी शराब 27014.7 बल्क लीटर मदिरा/लाहन (सेम्पल) का नष्टीकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 55(3) के अन्तर्गत सुश्री सोनिया मीना कलेक्टर की ओर से मनोनीत बृजेन्द्र रावत सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम शहर की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष कचरा पटटी, खोजनपुर रोड पर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। उपरोक्त मदिरा का नष्टीकरण नगर पालिका, नर्मदापुरम द्वारा उपलब्ध कराई गई जे. सी. बी. के माध्यम से कराई गई। नष्ट की गई शराब की अनुमानित कीमत 5,98,4870/- है। कार्यवाही के दौरान अरविंद सागर, जिला आबकारी अधिकारी, विनोद सल्लाम सहायक जिला आबकारी अधिकारी, राहुल ढोके सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उप-निरीक्षक वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, नीलेश पवार, सुयश फौजदार, राजेश साहू, हेमन्त चैकसे, कृष्ण कुमार पडरिया एवं वृत कार्यालय में पदस्थ आबकारी बल उपस्थित रहा।



# वैश्य सम्मेलन में 28 नए सदस्य जोड़े, कलैंडर का हुआ विमोचन

**माखननगर/इटारसी, दोपहर मेट्रो**

वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के अंतर्गत तहसील इकाई माखन नगर का तहसील स्तरीय सम्मेलन गत दिवस संपन्न हुआ।

इस सम्मेलन में वैश्य समाज द्वारा संगठित होकर विभिन्न गतिविधियां संपन्न करने पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही वैश्य कैलेंडर 2025 का विमोचन एवं वितरण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता की मंशानुसार सदस्यता वृद्धि अभियान भी चलाया गया। जिसमें चार नये घटकों को समाज संगठन में जोड़ा गया। वर्मा समाज, सोनी समाज, साहू समाज एवं मालवीय (कलार) समाज को संगठन से जोड़ा गया। सदस्यता वृद्धि के लिए वैश्य बंधुओं में बहुत ही उत्साह देखा गया।

लगभग 28 नए सदस्यों को तहसील इकाई में जोड़ा गया।




कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष अजीत सेठी, संभागीय प्रभारी एवं महामंत्री श्रीमती नीरजा फोजदार, जिला अध्यक्ष संजय शिल्पी अग्रवाल, जिला प्रभारी श जयप्रकाश महेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, महेश खंडेलवाल, तहसील अध्यक्ष जगदीश महेश्वरी एवं महिलाएं व सदस्यगण भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तहसील प्रभारी सुरेश अग्रवाल द्वारा किया गया।

**स्टेट हाईवे पर फिर हादसा**

# गाड़ी अनियंत्रित पेड़ से टकराई, रेंजर की हालत गंभीर, तीन अन्य लोग भी घायल

■ **वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, स्टेयरिंग फैल होने से वाहन के उड़े परखच्चे**

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

सागर रहली मार्ग पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं इस मार्ग पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं शनिवार को रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से निकले सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर वन विभाग की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर सड़क किनारे खाई में जा पहुंची और एक पेड़ से टकरा गई कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए इस घटना में कार सवार ज्ञापन रेंजर और डिप्टी रेंजर समेत दो वनरक्षक और कार चालक घायल हुए हैं। रेंजर को गंभीर चोट आई है जिन्हें सागर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और घायलों को इलाज के लिए रहली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को सागर रेफर किया गया है हादसे की पुलिस जांच कर रही है



हाईवे 15 पर सुबह 11 बजे टाइगर रिजर्व के झापन रेंज के वन विभाग का वाहन हादसे का शिकार हो गया है इस हादसे में रेंजर सहित पांच लोग घायल हुए हैं यह हादसा वाहन का स्टेरिंग फैल होने से हुआ है साथ ही वाहन अधिक तेज रफ्तार में था इस हादसे में झापन रेंजर प्रतीक कुमार भोपचे उम्र 32 डिप्टी रेंजर फूल सींग रजक उम्र 45 वर्ष वनरक्षक हरिशंकर मिश्रा उम्र 52 वर्ष शिवप्रसाद पटेल उम्र 55 वर्ष वाहन चालक नारायण यादव इस हादसे में घायल हुए हैं जहां रहली स्वास्थ्य केन्द्र से सागर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है वहीं पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है इस हादसे में बोलेरो कार के परखच्चे उड़ गए हैं वाहन अधिक तेज रफ्तार में होने के कारण चालक स्टेरिंग फैल होने के बाद भी कंट्रोल नहीं कर पाया और सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गया

### वनाधिकारी अस्पताल पहुंचे

वही बताया गया है कि झापन रेंजर प्रतीक कुमार भोपचे मोहली रेस्ट हाउस में वन विभाग की कोई मीटिंग में शामिल होने के लिए जा रहे थे लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया जिन्हें राहगीरों की मदद से वाहन से सभी घायलों को निकाला गया और रहली स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया वहीं घटना की सूचना मिलते ही घायलों को रहली अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घटनाक्रम की सूचना पर टाइगर रिजर्व के डीएफओ डॉ एए अंसारी एसडीएम प्रतीक कुमार दुबे समेत अन्य वन अधिकारी अस्पताल पहुंचे जहां गंभीर घायल रेंजर प्रतीक कुमार भोपचे को सागर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं रहली पुलिस द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** | जिला कलेक्टर ने सभी ब्लाक के धान खरीदी केंद्रो का औचक फूड विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया

# मौसम साफ होने पर केंद्रो पर रखी धान को तत्काल उठाने के अफसरों को दिए निर्देश

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ब्लाक अधिकतर धान खरीदी केंद्रो को फुड विभाग की टीम को साथ लेकर औचक निरीक्षण किया है। जिनमें तेंदूखेड़ा मण्डी में सांगा एवं तेंदूखेड़ा, फलित वेयर हाउस महगुवा रोसरा में सांगा, तारादेही, समनापुर, सर्रा, झलोन पुरावेरागढ, तेजगढ हर्रई शामिल है। ज्ञात हो कि शनिवार की सुबह से झमाझम बारिस हो रही है। जिस कारण धान खरीदी केंद्र में रखी धान की हालत को कलेक्टर के द्वारा विषेषतोर पर चेक किया गया। कलेक्टर ने केंद्रो



पर रखी धान जो त्रिपालो से ढकी हुई उसे उठाकर धान की नमी को चेक किया गया।

साथ ही सभी केंद्रो के प्रभारियों को निर्देष दिए गए कि मौसम के साफ होने पर केंद्रो पर रखी धान का तत्काल उठाव कराया जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने कहां है कि जो



धान किसानो की केंद्रो पर रखी हुई है या केंद्रो पर लाई जा रही है। उसकी नमी चेक करके खरीदी जाए अगर धान में नमी है तो उसे सुखाकर खरीदी दी जाए। हालाकी सभी केंद्रो मे बरसात के कारण धान में कोई नुकसान नही पाया गया है। सभी जगह धान की वोरियां के लाट



त्रिपालो से ढकी हुई पाए गए थे। कही कही पर सिर्फ वोरियां ही गीली हुई है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार डॉक्टर विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, आरआई धनीराम तेकाम के अलावा राजस्व विभाग एवं खादय विभाग का अमला मौजूद रहा।

# कन्या शाला में डांस की जांच करने जिला शिक्षा अधिकारी ने बनाई टीम अब स्कूलों में परीक्षा तक नहीं होंगे किसी भी तरह के आयोजन : ठाकुर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

शासन की गाइडलाइन के विपरीत कार्य कन्या शाला स्कूल में प्राचार्य के 1 साल पूरे होने पर हुए कार्यक्रम में प्राचार्य-पत्नी के साथ जमकर नाचे इनका वीडियो वायरल हुआ इसके बाद एक बार फिर सिरोंज का नाम जिले से लेकर देशभर की मीडिया में चर्चा का विषय बन गया है। कन्या शाल स्कूल प्राचार्य मनोज शर्मा का पत्नी के साथ डांस करने का वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जहां एक दिन पहले नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण भी मंगाया और मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर रोशन सिंह निर्देश पर पूरे मामले की निष्पक्ष रूप से जांच करवाने के लिए जिले के दूसरे विकासखंड से टीम को जांच के लिए निर्देशित किया गया है । जिसको शनिवार को ही आना था पर जिस विकासखंड के बीईओ को यहां पर आना था वहां पर जनकल्याण पर्व के तहत शिविर था अब टीम सोमवार या मंगलवार को पूरे घटनाक्रम की जांच करने के लिए आएगी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी जाएगी इसके बाद उक्त मामले में आगे करवाई आगे की



जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर ने बताया कि प्राचार्य मनोज शर्मा का यह कार्य गलत है हमें इसकी निंदा पहले ही कर चुके हैं। जांच के उपरांत जो भी निष्कर्ष निकलेगा उसके बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।

### किसी भी स्कूल में परीक्षा तक नहीं होंगे आयोजन

परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थियोंको पास उसके लिए कामना करते हुए कन्या शाला स्कूल में प्राचार्य के 1 वर्ष पूर्ण होने पर पत्नी के साथ स्कूल परिसर में डांस करने का वीडियो वायरल होने के बाद इस तरह की पु विधि किसी भी स्कूल में ना हो उसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी मैं सभी स्कूल प्राचार्य को सत्य आदेश भी दिया है कि परीक्षा तक किसी भी स्कूल में कोई संस्कृति कार्यक्रम भी नहीं होगा केवल परीक्षा परीक्षा पर ही ध्यान देना है दिसम्बर शिक्षक विषय के अनुसार मॉडल पेपर तैयार करके 40: शामिल करेंगे परीक्षार्थियों से उनका हाल करवाएंगे पहले सरल प्रश्न देना है जिससे की परीक्षा की तैयारी करने में विद्यार्थियों पर परेशान ना पड़े आसानी से परीक्षार्थी परीक्षा मैं सफलता अर्जित करें इस पर ध्यान देने के लिए निर्देश भी जारी किए हैं।

## अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन पर प्रशासन की नजर

# औचक निरीक्षण में अवैध खनिज परिवहन करते कई वाहन जब्त

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विभागों के अधिकारियों द्वारा नवाचारों के माध्यम से कसावट लाई जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने अपने अपने कार्यो के संपादनों का औचक निरीक्षण कर पारदर्शी व्यवस्थाओं को और बेहतर स्वरूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत जिले में अवैध खनिज उत्खनन परिवहन पर विशेष नजर रखी जा रही है। विभाग के अधिकारी व अधिनस्थों द्वारा निरीक्षण के माध्यम से कसावट लाते हुए कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में आज औचक निरीक्षण के दौरान की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि आकस्मिक भ्रमण के दौरान बैरिसिया रोड पर एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी40 जीए 0898 चीरा पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। जिसे जब्त कर खामखेड़ा पुलिस चौकी प्रांगण में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

विदिशा तहसील क्षेत्र में अहमदपुर रोड पर की गई आकस्मिक जांच के दौरान एक







ट्रैक्टर महिंद्रा डीआई 265 लाल रंग मय ट्रॉली द्वारा गौण खनिज फर्शी पत्थर एवं एक ट्रैक्टर महिंद्रा 275 डीआई लाल रंग ट्रॉली चीरा पत्थर तथा एक डंपर क्रमांक एमपी 38 एच 0442 में अवैध गौण खनिज रेत का परिवहन करते हुए पाये गया जिसे जब्त कर पुलिस थाना सिविल लाइन विदिशा के प्रांगण में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। इसी प्रकार पचमा रोड बासौदा क्षेत्र में आकस्मिक जांच में एक ट्रैक्टर आइसर सिल्वर कलर 485 मय ट्रॉली द्वारा गौण खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया गये। जिसे जब्त कर पुलिस थाना देहात गंज बासौदा प्रांगण में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। तहसील नटेरन क्षेत्र में भियाखेड़ी जोड़ परआकस्मिक जांच के दौरान 01 ट्रैक्टर आयशर 485 सिल्वर कलर मय ट्रॉली द्वारा गौण खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। जिसे जब्त कर पुलिस थाना नटेरन के प्रांगण में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया।

अवैध खनन परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज ( अवैध खनन ,परिवहन तथा भंडारण का निवारण ) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है।

## गौ तस्करी करने वालों को पथरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिरोंज।** पथरिया पुलिस ने 20 दिसंबर को पशु तस्करी की घटना को अंजाम देकर फरार होने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त घटना ग्राम बागरोदा पर लोडिंग ऑटो में मवेशियों को सूचना के बाद पथरिया पुलिस ने पकड़ा था। पथरिया थानाप्रभारी ऋतु राज सिंह एंव उनकी टीम द्वारा दिनांक 20.12.2024 को दौराने इलाका भ्रमण मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्राम बगरौदा से गौवंश बछडों का अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक परिवहन करते हुए एक पिक वाहन को जप्त कर अपराध क्र.194/24 धारा 4,6,9 म.प्र. गौवंश वध अधि.2004, 4,6,10 म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षक अधि., 11(1) (घ) पशु क्रूरता अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। थाना प्रभारी बताया कि मुखबिर सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराध के आरोपीगण 1.नीरज पाल पिता नारायण सिंह पाल उम्र 32 साल निवासी सारंगपुर जिला राजगढ़ 2. नजर खां पिता साबिर खां उम्र 22 साल निवासी नयापुरा सिरोंज 3. शकील खां पिता लईक खां उम्र 35 साल निवासी ग्राम भौंरासा थाना बैरसिया हाल ग्राम बबचिया थाना शमशाबाद 4. मुस्तकीम खां उर्फ लल्लू पिता रसीद खां उम्र 32 साल निवासी ग्राम नादिया थाना शमशाबाद को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।

# धान उपार्जन कार्य तीन दिन 30 व 31 दिसम्बर और एक जनवरी तक रहेगा स्थगित

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य 3 दिन 30 व 31 दिसम्बर और 1 जनवरी तक स्थगित रहेगा। उक्त आशय का आदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी द्वारा जारी किया गया है। उल्लेख है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्यो के तहत जिले में स्थापित 2 उपार्जन केन्द्र विपणन सहकारी समिति विदिशा ( म.प्र. वेयरहाउसिंग गोदाम रामलीला मेला विदिशा ) एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित गंजबासौदा ( म.प्र. वेयरहाउसिंग गोदाम बंजारी माता परिसर गंजबासौदा ) पर अब तक 120 किसानों से 736.52 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है जिसके विरूद्ध 709.72 मेट्रिक टन धान का परिवहन कर मिलर को प्रदाय की गई है। शेष 26.8 मेट्रिक टन धान का उपार्जन केन्द्र पर सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया गया है।

प्रदेश में आगामी दिवसों में वर्षा की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध धान के सुरक्षित भण्डारण करने के उद्देश्य से आगामी तीन दिन ( 30, 31 दिसम्बर 2024 एवं 01 जनवरी 2025 ) तक समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन कार्य स्थगित किया गया है।

### बुक स्लॉटों की मान्यता अवधि बढ़ी

30, 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी में धान उपार्जन कार्य स्थगित किया गया है उक्त अवधि में धान विक्रय करने हेतु जिन किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया है, उनके स्लॉट की वैधता अवधि 05 कार्य दिवस बढ़ाई गई है। इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से किसानों को दी जा रही है। जिले में उक्त अवधि में धान विक्रय करने हेतु कुल 6 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया है।

### यथावत उपार्जन

गौरतलब हो कि 02 जनवरी 2025 से किसानों द्वारा नियमित रूप से धान का विक्रय उपार्जन केन्द्रों पर किया जा सकेगा।

### उपार्जन तिथि में वृद्वि

ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का अवसर देने हेतु उपार्जन की अंतिम तिथि 20 जनवरी को बढ़ाकर अब 23 जनवरी 25 तक नियत की गई है।

### बारिश से बचाव हेतु उपाय

जिले में उपार्जित धान का सुरक्षित भंडारण किया गया है। आगामी वर्षा की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जन केन्द्रों पर धान के वर्षा से बचाव हेतु समितियों के माध्यम से तिरपाल तथा जल निकासी की ड्रेनेज व्यवस्था कर धान को सुरक्षित रखने के उपाय किये गये है। जिले में भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड अनुसार धान का उपार्जन किया जा रहा है जिसकी मॉनीटरिंग विभिन्न स्तरों से की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों के शीघ्र भुगतान हेतु स्वीकृति पत्रक प्रतिदिन जारी कर शीघ्रता से भुगतान सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिले में कुल उपार्जित धान की देय राशि 1.69 करोड़ के विरूद्ध 1.23 करोड़ का सफलतापूर्वक भुगतान किसानों को किया गया है।

## आनंदपुर-पथरिया नया विद्युत वितरण केन्द्र बना



**सिरोंज।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा नौ विद्युत वितरण केन्द्र बनाये जाने की स्वीकृति की है। जिसके अंतर्गत सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के आनंदपुर एवं पथरिया (जिसमें सिरोंज विधानसभा के ग्राम सम्मिलित है) को भी नवीन विद्युत वितरण केन्द्र बनाया गया है। विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से आनंदपुर एवं पथरिया को नवीन विद्युत वितरण केन्द्र बनाया गया है। नवीन विद्युत वितरण केन्द्र बनने से वितरण केन्द्र आनंदपुर अंतर्गत 99 ग्रामों एवं वितरण केन्द्र पथरिया अंतर्गत ग्रामों 76 को लाभ मिलेगा। सहायक यंत्री, कनिष्ठ अभियंता, लाइनमैन सहित स्टाफमें बढ़ोत्तरी होगी। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाऐं दी जा सकेगी। नवीन विद्युत वितरण केन्द्र बनाये जाने की स्वीकृति हेतु क्षेत्रवासियों द्वारा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक उमाकांत शर्मा को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## सर्व हिन्दू समाज ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** सर्व हिन्दू समाज द्वारा एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी के नाम दिया गया है ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम बावली में एजुकेशन चेरीटेवल फाउडेंशन के



द्वारा नल कूप का खनन किया गया खनन होने के उपरांत एक वोर्ड लगाया गया जिस के सम्पूर्ण शिला लेख उर्दू भाषा में एवं यू.ए.ई. एवं शारजाह का विदेशी झंडा बना दिया गया जबकि हैंडपम्प लगाने की कोई अनुमति शासन द्वारा एवं पी.एच.ई से नहीं ली गई है। एजुकेशन चेरीटेवल फाउडेंशन के पास फंड कहां से उपलब्ध होता है और इस कार्य को कराने में फंड उपलब्ध कराने में कौन कौन व्यक्ति व संस्था शामिल है। यह जाँच का विषय है। एजुकेशन चेरीटेवल फाउडेंशन द्वारा कानून एवं संविधान का उल्लघन करते हुये यह कृत्य किया है। फाउडेंशन के पास फंड कहां से उपलब्ध होता है एवं इस में कौन कौन व्यक्ति कार्य करते है उनकी जाँच एवं दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण पंजीवद्ध किया जावे।

# हीरा ऐसे चमक रहा है जैसे आसमानी तारा : बिपिन पुनमिया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

नारी का प्रिय मित्र हीरा है और हीरा तब तक अमर है जब तक पृथ्वी पर नारी का अस्तित्व है। हीरा सदीओं से श्रृंगार का एक भाग रहा है हमारे भव्य इतिहास का पन्ना पलटेंगे तो हमारे राजा महाराजाओं का खजाना हीरा मोतीओं से भरा रहेता था। पर समय के साथ साथ बहुत कुछ बदलाव भी आता है। नेचरल डायमंड को खरीदना या पहेनना हर वर्ग के लिए आसान नहीं है, और इसलिए हीरा पहनने की संतुष्टि पाने के लिए मेईनमेड यानी सीवीडी डायमंड का आविष्कार हुआ। हुबहु रीयल डायमंड जैसा दिखने वाले लेबग्रोन डायमंड की कीमत और नेचरल डायमंड में काफी अंतर है। लेबग्रोन डायमंड की मांग दिन पर दिन बढ़ रही है। उसको देखते हुए सीवीडी डायमंड जगत में शाइन ब्राइट डे एन्ड नाइट के मूल मंत्र के साथ सुवर्ण जगत के जाने-माने सुवर्ण व्यापारी और इन्टरनेशनल डायमंड डे के प्रणेता हार्दिक हुंडिया द्वारा कोहिनूर ओफइन्डिया सम्मान से

**आइजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हार्दिक हुंडिया ने दी राज और आरजू को बधाई**

सम्मानित बीपीन पुनमिया के पुत्र राज पुनमिया द्वारा दिन तारा ज्वेलर्स का भारत में पहला शोरूम का उद्घाटन मुंबई में हुआ।

### सब खरीद सकेंगे हीरा

यह लेबग्रोन डायमंड ज्वेलरी का सबसे पहला शोरूम है और इस खास मौके पर भारतीय सिनेमा जगत के जाने-माने अभिनेता गोविंदा ने खास विपिन पुनमिया को इस खास मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्टार रिपोर्ट के प्रधान संपादक हार्दिक हुंडिया ने विपिन पुनमिया और राज पुनमिया को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व के हीरा उद्योग और डी बियर्स का स्लोगन है हीरा सदा के लिए,लेकिन आज की तारीख में वातावरण थोड़ा बदला है अब कहा



जायेगा हीरा है सब के लिए, यह सब के लिए कहा जाता है क्योंकि रीयल हीरा सबके लिए खरीदना संभव नहीं है। जबकि सीवीडी डायमंड छोटे से छोटा आदमी भी आसानी से खरीद सकता है। वही उन्होने तारा ज्वेलर्स के मुख्य कर्ताधर्ता विपिन पुनमिया, राज पुनमिया और आरजु से लेबग्रोन डायमंड ज्वेलरी के बारे में कुछ सवाल पूछे हैं उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से विश्व में पहली मांग यह थी कि सीवीडी डायमंड और भारत में सीवीडी डायमंड का सबसे पहला शोरूम खोलने वाले राज पुनमिया उनके पिता विपिन पुनमिया और आरजु आज हम सब एक जगह मिले हैं। सबसे पहले राज पुनमिया आप बताइए कि आपको यह ख्याल कैसे आया कि हम सीवीडी डायमंड का शोरूम चालु करें। जिस पर पुनमिया ने बताया कि जैसे कहा जाता है कि हर व्यक्ति ज्वेलरी और हीरा खरीद नहीं सकता इसलिए ख्याल आया कि क्यों ना ऐसा शोरूम खोला जाए जहां आम लोग भी हीरा,ज्वेलरी खरीद सकें।

### ऑललाइन मार्केट से भी कम दाम में मिल दी जा रही ज्वेलरी

आरजु से बात करते हुए हार्दिक ने पुछा कि क्या देश दुनिया में स्त्री रहेगी तब तक हीरा ज्वेलरी बिकती रहेगी। जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि महीलाओं को ज्वेलरी से खास लगाव रहेता है। इस शोरूम में रखी हुई लेबग्रोन डायमंड ज्वेलरी में बहुत सारी विविधता है,कस्टमर्स कन्फ्यूज है कि कौन सी ज्वेलरी खरीदें कौन सी नहीं। सबका बहुत अच्छा रीस्पोन्स है। ब्राईडल ज्वेलरी, सोलीटर ज्वेलरी की एक अलग ही रेंन्ज है, जिससे लोग बहुत ही प्रभावी हो रहे हैं।

### वेलेंटाइन डे के दिन बिकेगी विशिष्ट श्रृंखला

14 फरवरी वेलेंटाइन डे के दिन जो प्यार का प्रतीक है और दिन तारा ज्वेलरी में लेबग्रोन डायमंड ज्वेलरी की युनीक ज्वेलरी की विशिष्ट श्रृंखला उस दिन ज्यादा बिकेगी। क्योंकि अलग-अलग रंग, कट और डीजाइन में उपलब्ध यह डायमंड ज्वेलरी वेलेंटाइन डे के उपलक्ष में खास अपने लव वंन्स के लिए तैयार की गई लेबग्रोन डायमंड ज्वेलरी है।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान का जायजा लिया, समय पर कार्यो का संपादन कराना ही ध्येय रखे

# हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले, समस्याओं का त्वरित निराकरण हो : सिंह

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में क्रियान्वित राजस्व महा अभियान के तहत संपादित किए जा रहे कार्यो की गहन समीक्षा की। कलेक्टेव्ट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर के अलावा संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम व अधीक्षक भू-अभिलेख के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहें। वहीं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए ईकेवायसी कराया जाना



अतिआवश्यक है। अतः इस कार्य में जिला कहीं भी पिछडे ना के विशेष प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व महा अभियान का उद्धेश्य ही यह है कि राजस्व के साथ-साथ अन्य ऐसी समस्याएं जिनका निराकरण स्थानीय स्तर पर संभव है वे सभी शत प्रतिशत निराकृत हो। उन्होंने खण्ड स्तरीय कार्यो की समीक्षा करने के निर्देश एसडीएमो को देते हुए कहा कि औचक निरीक्षण की कार्यप्रणाली को क्रियान्वित करे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राजस्व सहित अन्य समस्याओं के निराकरण होने से सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों की संख्याओं में गिरावट आएगी। उन्होंने हितलाभ वितरण के लिए किए जा रहे विभागीय प्रयासो की भी जानकारियां प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि खण्ड स्तरीय शिविर बिना किसी स्वागत सत्कार के आयोजित किए जाए वहीं लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभो का वितरण सामान्य परिस्थितियों में किया जाए। बैठक में बैंको से संबंधित कार्यो के साथ-साथ राशन कार्डधारको को प्रदाय किए जाने वाले खाद्यान्नों का आवंटन जारी व वितरण तथा आजीविका मिशन के समूहो को वित्त पोषण तथा कृषि, सीएससी, एमपी ऑन लाइन, पशु चिकित्सा व नेहरू युवा केन्द्र और महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संपादित किए जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई है।

# ये मासूम परिवार से ही सीखते हैं...



**बच्चों का बनता दृष्टिकोण:** बच्चों में सही-गलत की समझ और न्याय की दृष्टि का विकास काफी हद तक परिवार के वातावरण पर निर्भर करता है। माता-पिता के बीच विश्वास, समान, स्नेह, मैत्री, तालमेल और सार्थक संवाद के वातावरण में बच्चे भी संबंधों में न्याय करना सीखते हैं। यह उनके भविष्य में बनने वाले रिश्तों के लिए भी बेहद जरूरी है।

## रिश्तों की सही परिभाषा और महत्व

*बहुत महत्त्वपूर्ण है बच्चों को पारिवारिक संघर्ष से दूर रखना, ताकि भ्रमित न हो नाजुक बालमन और न डगमगाए आत्मविश्वास। वे सुरक्षित और प्यार भरे माहौल में स्वस्थ जीवन जी सकें... माता-पिता के बीच आपसी समझ, परिवार में आपसी तालमेल, प्यार और समान बच्चों के लिए मानवीय मूल्यों का सबसे अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है। जब बच्चे यह देखते हैं कि उनके माता-पिता किसी समस्या का समाधान शांति और समझदारी से करते हैं। उनका व्यवहार परिवार के सदस्यों के साथ संतुलित और संयमित रहता है, तो उनमें भी इसी तरह की सोच विकसित होती है। माता-पिता के बीच विवाद का प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। बहुत से माता-पिता बच्चों को अपने झगड़े और परेशानियों में शामिल कर लेते हैं। जब माता-पिता बच्चों को अपने विवाद का हिस्सा बनाते हैं, तो उनका बचपन और मानसिक विकास प्रभावित हो सकता है। उन्हें इससे दूर रखना चाहिए, ताकि वे भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस कर सकें और रिश्तों की सही परिभाषा भी उनके समझ में आ सके। सुखपूर्वक जीवन परिवारिक संबंधों में निहित होता है, क्योंकि परिवार में परस्पर विश्वास, समान, स्नेह, ममता, वात्सल्य, कृतज्ञता और प्रेम जैसे मूल्यों का वातावरण रहता है। बच्चों के समग्र विकास के लिए परिवार का वातावरण सही होना आवश्यक है। तभी बच्चों में इन मानवीय मूल्यों का विकास होता है।*

### मतभेद आपसी समझ से सुलझाएं

माता-पिता अपने मतभेद आपसी समझ, समान और उचित संवाद से सुलझाएं। समस्या बढ़े, तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार, अपने करीबी मित्र या परिवार के किसी समझदार सदस्य से मदद ली जा सकती है। बच्चों को इसमें शामिल करने से उनके लिए रिश्तों की परिभाषा बदल सकती है, जो उनके भविष्य के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो सकती है।

### समस्याएं न लाएं बच्चें के सामने

परिवार का वातावरण जितना अधिक सुरक्षित और प्यार भरा होगा, बच्चों का विकास उतना ही बेहतर होगा। माता-पिता को यह समझना चाहिए कि वे अपनी समस्याओं को बच्चों के सामने न लाकर अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करें। बच्चों को यह समझने का पहला मौका परिवार में ही मिलता है कि प्यार और देखभाल से रिश्तों को कैसे सशक्त बनाया जा सकता है।

# कोनेरू हम्पी ने दूसरी बार वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपयिनशिप खिताब जीता

## इंडोनेशिया की इरीन को हराया; टूर्नामेंट में 11 में से 8.5 अंक अर्जित किए

**केबेरा. एजेंसी**

भारत की कोनेरू हम्पी ने दूसरी बार वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपयिनशिप खिताब जीत लिया है। न्यूयार्क में खेले गए इस टूर्नामेंट में हम्पी ने फाइनल में इंडोनेशिया की इरीन सुखंदर को हराया। इससे पहले हम्पी ने साल 2019 में जॉर्जिया में हुए इस चैंपियनशिप को जीता था। भारत की नंबर 1 खिलाड़ी चीन की जू वेनजुन के बाद एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

हंपी ग्रैंड मास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी हंपी नेशनल बॉयज टाइटल



जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वे ग्रैंड मास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं। वे 2600 ईएलओ पॉइंट हासिल करने वाली सिर्फ दूसरी महिला खिलाड़ी हैं। उनके पिता अशोक कोनेरू ने 5 साल की उम्र में उनकी प्रतिभा को पहचान लिया था। अशोक भी शतरंज खेलते थे। उन्होंने हंपी को ट्रेनिंग दी। अशोक प्रोफेसर थे। बेटी के शतरंज के सपनों को पूरा करने के लिए उन्होंने नौकरी छोड़ दी और हंपी को ट्रेनिंग देने लगे। 6 और 7 साल की उम्र में हंपी ने स्टेट चैंपियनशिप जीत ली। इसके बाद अंडर-12, 14, 16 की नेशनल चैंपियन बन गई।

चेस में इस साल भारत का रहा बेहतर प्रदर्शन

चेस में इस साल भारत का प्रदर्श प्रदर्शन बेहतर रहा है। डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को 12 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में 7.5-6.5 से हराया था। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं।

### महिला वनडे सीरीज: भारत ने किया क्लीन स्वीप, दीप्ति ने रचा इतिहास

# भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को आखिरी मुकाबले में पांच विकेट से दी शिकस्त

**वड़ोदरा . एजेंसी**

ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ( 31 पर 6 ) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे व अंतिम वनडे में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। दीप्ति की घातक गेंदबाजी से पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज टीम 38.5 ओवर में 162 रन पर ढेर हो गई।



**प्लेयर ऑफ द मैच :** जवाब में भारतीय टीम ने 28.2 ओवर में 5 विकेट 167 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरे वनडे में छह विकेट लेकर दीप्ति ने इतिहास रच दिया। वे वनडे में तीन बार पांच विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई। दीप्ति प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।

**गेंद के बाद बल्ले से भी धमाल:** दीप्ति ने शानदार गेंदबाजी करने के बाद 48 गेंदों में तीन चौके व एक छक्का लगाते हुए नाबाद 39 रन की जोरदार पारी भी खेली। उनके अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 32, जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 व रिचा घोष ने नाबाद 23 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।



## पत्नी और सौतेले बेटे को आजीवन कारावास

**भोपाल।** संपत्ति के लालच में की थी जघन्य हत्या राजधानी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने जघन्य एवं सनसनीखेज हत्या के मामले में पत्नी और सौतेले बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक सुधाविजय सिंह भदौरिया और आकिल अहमद खान ने पैरवी की थी। जानकारी के अनुसार मालीखेड़ी छोला मंदिर निवासी अमरसिंह विश्वकर्मा शासकीय हमीदिया अस्पताल में वाहन चालक थे। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है, जबकि दोनों बच्चियों की शादी हो चुकी है। उसके बाद अमर सिंह ने शांति कुशवाह नामक महिला से शादी कर ली थी। शांति के पति की मौत हो चुकी थी, जिसके बाद वह अमर सिंह के साथ अपने दो बेटों के साथ रहती थी। बीती 31 मई 2022 को मालीखेड़ी, मेनरोड पुलिया के पास सड़क किनारे अमरसिंह की लाश बरामद हुई थी। उनके मुंह, सिर और शरीर पर धारदार हथियार और पत्थर से हमला करने के निशान थे। पत्नी और सौतेले बेटे ने की थी हत्या पहले तो परिवार वाले पुलिस को गुमराह करते रहे, लेकिन पुलिस ने जब मृतक की पत्नी शांति कुशवाहा और सौतेले बेटे शिवराज कुशवाह से कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने अमर सिंह की हत्या करना स्वीकार कर लिया। दरअसल दोनों अमर सिंह पर अपनी संपत्ति और नौकरी से मिलने वाला फंड अपने नाम पर करने का दबाव बना रहे थे।



## थार की टक्कर से सड़क किनारे ई रिक्शे में बैठे युवक की मौत

भोपाल। बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता चौराहा पर थार वाहन की टक्कर से ई रिक्शे में बैठे युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। घटना शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास की है। पुलिस ने थार जब्त कर ली है। आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मूलत~सागर निवासी 24 साल का आकाश पिता राजेश, कोकता इलाके में रहता था और ई रिक्शा चलाता था। शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे वह कोकता चौराहा पर अपना ई रिक्शा सड़क किनारे खड़ा कर बैठा हुआ था। उसके साथ उसका साथी योगेश अहिरवार भी था। दोनों ई रिक्शा में बैठकर सवारी का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान उत्तर प्रदेश पासिंग की थार ने उनके ई रिक्शे को टक्कर मार दी। ई रिक्शे में टक्कर लगने से वह पट गया था। ई रिक्शा पटलने से आकाश रिक्शे के नीचे दब गया। हादसे में उसे गंभीर चोट आई?थी, जबकि योगेश को मामूली चोट?थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर आकाश को मृत घोषित

## पत्नी के मायके जाने से दुखी पति ने फांसी लगाई



**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर में कल शनिवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें उसने पत्नी से प्रताड़ना से दुखी होकर आत्महत्या की बात लिखी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मलखान सिंह पिता निहाल सिंह (27) मूलत~आष्ठा, जिला सीहोर का?था और राजेंद्र नगर में परिवार के साथ रहता?था। मलखान निजी स्कूल की गाड़ी चलाता?था। परिजन ने बताया कि तीन साल पूर्व उसकी शादी कर दी थी। पत्नी भी साथ रहती थी, लेकिन दो तीन महीने पहले पत्नी मायके चली गई। मलखान ने उसे ससुराल बुलाने का प्रयास किया, लेकिन वह लौटने के लिए तैयार नहीं थी। पत्नी के ससुराल नहीं लौटने के कारण वह दुखी रहने लगा था। परिजन ने बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे उन्होंने मलखान को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और एक कॉपी में लिखा सुसाइड नोट बरामद कर लिया है।

### देर रात ऐशबाग क्षेत्र की घटना, आरोपी फरार

# पुरानी रंजिश में पिटाई, फिर चाकू से हमला व गोली मारी

**अफकार कॉलोनी के पास देर रात बदमाशों की वारदात, दो नामजद आरोपियों पर एफआईआर**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित गली नंबर-1, अफकार कॉलोनी में शनिवार रात दो बदमाशों ने स्कूटर सवार युवकों को रोककर उनके साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने कट्टे से फायर भी किया। फायर होने से एक युवक के दाएं हाथ में गोली लगी है। दोनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तालिब खान पिता माजिद खान (20) पुरानी मल्टी ए-ब्लॉक, भानपुर में रहता है। तालिब ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह फाल सीलिंग का काम करता है। शनिवार रात वह जनता क्वार्टर ऐशबाग निवासी नफीस के घर पहुंचा था। वहां से दोनों स्कूटर से निकले। अफकार कॉलोनी गली नंबर-1 पर रात करीब साढ़े दस बजे वह पहुंचे थे, तभी आरोपी अमन और अरमान ने उनकी स्कूटर को रोक लिया। स्कूटर रुकते ही बदमाश गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे और चाकू से हमला कर दिया। चाकू तालिब को हाथ में लगा?है, जबकि नफीस को सिर में चाकू से गंभीर चोट आई?है। तालिब और नफीस ने आरोपियों का विरोध किया तो उन्होंने कट्टे से फायर भी किया था। फायर होने से गोली नफीस के दांये हाथ पर लगी है।

**निगरानी बदमाश हैं अमन और अरमान**

एएसआई योगेंद्र सिंह ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे। गंभीर रूप से घायलों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तालिब की शिकायत पर अमन और अरमान के खिलाफ रास्ता रोकने, जानलेवा हमला करने समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई?कि आरोपियों और घायल पक्ष में पूर्व से पहचान है और रंजिश है। रंजिश के चलते ही बदमाशों ने उन्हें रोककर जानलेवा हमला किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नागपुर के चोर से लाखों के जेवर व मोबाइल फोन जब्त

**भोपाल-इटारसी के बीच रात में करता था चोरियां**

**महिला यात्रियों को सोते वक्त बनाता था निशाना**



**इटारसी।, दोपहर मेट्रो**

जीआरपी इटारसी ने ट्रेन में चोरी करने वाले नागपुर के एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उससे करीब साढ़े तीन लाख रुपए के जेवर, मोबाइल और नकदी बरामद किये हैं। यह बदमाश ट्रेन में रात के वक्त सोती महिला यात्रियों को निशाना बनाता था।

नागपुर में ही इस पर चोरी एवं लूट संबंधी करीब बीस अपराध दर्ज हैं। इटारसी जीआरपी को 24 दिसंबर को 24 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी जीआरपी थाना इटारसी राम स्नेह चौहान ने अपने नेतृत्व में तत्काल टीम का गठन कर टीम को मुखबिर द्वारा बताए स्थान पार्सल आफिस के आगे स्लीपर के पास, रेलवे स्टेशन इटारसी में रवाना किया। जहां पर एक संदेही बैठा मिला, जो पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही ने पूछताछ के दौरान अपना नाम संजय ढोणे पिता गोविंद राव ढोणे उम्र 56 साल निवासी प्लॉट नंबर 92 बंधू नगर झींगाबाई टाकली मनकापुर जिला नागपुर महाराष्ट्र बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 02 मोबाइल, जेवर एवं नगदी मिला। सख्ती से पूछताछ के दौरान ट्रेन जनता एक्सप्रेस के एसी कोच से महिला यात्रियों की नींद का फायदा उठा कर चोरी करना बताया। आरोपी के कथन के आधार पर आरोपी का थाना जीआरपी इटारसी के अपराध पंजीबद्ध किया।

आरोपी से एक सैमसंग गैलेक्सी एम/53, एक रेडमी नोट 10, 30,000 रुपए नगद, दो नग सोने की अंगूठी 45,000 रुपए, एक ब्लूटूथ ईयर फोन 5000 रुपए, नगदी 2000 सहित कुल 1.17.000 रुपए मिलने पर गवाहों के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड लिया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी के घर नागपुर से उक्त अपराध में ही चोरी किया एक जोड़ सोने की झुमकी 45,000 रुपये की जब्त की गयी। इस प्रकार आरोपी से उक्त प्रकरण में चोरी किया संपूर्ण माल 01 लाख 62 हजार रुपये का जब्त किया है।

आरोपी से पूछताछ के दौरान नागपुर एवं भोपाल और इटारसी से चोरी प्रकरणों में कुल 3 लाख 57 हजार के जेवरात, मोबाइल एवं नगदी जप्त किए हैं। उक्त प्रकरण में थाना जीआरपी थाना इटारसी से निरीक्षक रामस्नेह चौहान, उप निरीरीक्षक श्रीलाल पड़रिया, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार, गंगाराम, आरक्षक सुमित, विष्णुमूर्ति, अंकित मलिक, अमित, योगेश, मनोज त्रिपाठी एवं आरपीएफ पोस्ट बैतूल आरक्षक सुनील पासवान की अहम भूमिका रही।

## नए साल के जश्न पर 700 पुलिसकर्मी रखेंगे निगाह



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नए साल के जश्न में सुरक्षा व्यवस्था पुलिस ने दुरूस्त कर ली है। सुरक्षा व्यवस्था में 700 पुलिसकर्मी और अधिकारियों को तैनात किया गया है। यह सड़कों पर तैनात रहेगी और ट्रैफिक के साथ-साथ हुड़दंग करने वालों पर नजर रखेंगे और मौके पर एक्शन लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे। इसके अलावा जिन होटलों, क्लब, बार और रेस्टोरेंट में नए साल का जश्न मनाया जाना है उनकी जानकारी जुटा ली गई?है। इन सभी होटलों, क्लब समेत पार्टी वाली जगह पर पुलिस की टीम समय समय पर पहुंचकर चेकिंग करेगी, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो सके। पुलिस ने राजधानी के प्रमुख चौराहों पर चेकिंग पाइंट लगाए हैं। इन सभी पाइंट पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए है। इनकी निगरानी के लिए एसीपी और एडीशनल डीसीपी को तैनात किया गया है। ब्रिथ एनेलाइजर और बॉडी कैम के साथ होगी चेकिंग पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए है को चेकिंग पाइंट पर चेकिंग के दौरान वो बॉडी कैम लगाकर रखें, ताकि मौके पर होनी वाली पूरी घटना रिकॉर्ड हो सके। साथ ब्रिथ एनेलाइजर से जांच करें ताकि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। किसी भी पार्टी को करने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है, अब तक पुलिस के पास भोपाल में होने वाली बड़े आयोजनों के लिए लगभग 60 आवेदन आ चुके है। पार्टी करवाने वाले रेस्टोरेंट और आयोजकों के लिए निर्देश जारी किए गए है कि ध्वनि अधिनियम का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तो साथ ही तय समय से पहले सभी को डीजे और पार्टी बंद करना अनिवार्य होगा।

**मेट्रो एंकर** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र का मामला

## सड़क पर खड़े युवक को अज्ञात कार ने टक्कर मारी, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अचारपुरा सड़क पर शनिवार शाम तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़े युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक कार लेकर अचारपुरा गांव की तरफ भाग निकला। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है।



पुलिस के अनुसार डेनी रावत पिता सोनू रावत (30) हज्जामपुरा, ईंटखेड़ी में रहता था और प्राइवेट काम करता?था। शनिवार शाम वह मुख्य सड़क पर पहुंचा था और वहां किसी का इंतजार करते हुए सड़क पर खड़ा था। इस दौरान शाम करी साढें 6 बजे के आसपास तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार का चालक रुका नहीं बल्कि तेजी से कार लेकर भाग निकला। इधर, टक्कर लगने से घायल डेनी को अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां डॉक्टर ने चेक करते ही डेनी को मृत घोषित कर दिया।

## पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सिवनी मालवा।** नपा सीएमओ शीतल भलावी पर कार्यालय में जानकारी लेने गए एक पत्रकार केके यदुवंशी के साथ कथित तौर पर झूमाझटकी और जान से मारने की धमकी का मामला जोर पकड रहा है। इसमे नपा कर्मचारियों के साथ मिलकर उन्होंने पुलिस थाना में यदुवंशी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य मामले में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। अब पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर मांग की है कि सीएमओ पर अब भी कार्रवाई नहीं की जाती है तो पत्रकार संघ आंदोलन करेगा। संघ ने कहा है? कि सीएमओ शीतल भलावी की कार्यशैली लगातार विवादित रही है। ज्ञापन देने के मौके पर पत्रकार संघ के विजय सिंह ठाकुर, वीरेंद्र तिवारी, संतोष सिंह चंदेल, अजय सिंह ठाकुर,शशांक मिश्रा,विपिन मालवीय आदि मौजूद थे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, भोपाल

लिंक रोड न0-2 माता मंदिर चौराहा के समीप, हर्षवर्धन नगर के सामने, भोपाल Tel.:-(0755) 2924467; e-mail:-eephbpl@mp.nic.in

क्र.-2748/ तक./का.य./ लो.स्वा.या. खंड / भोपाल/2024-25 दिनांक- 26/12/24

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारो से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनो सहित ई टेंडरिंग पद्धति द्वारा आनलाईन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| सिस्टम जनरेट आई डी क्र. | खण्ड | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि रू. | ठेके की अनु. राशि रू. | अमानत राशि रू. | निविदा आनलाईन कय करने की अंतिम तिथि | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण कमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_391051_1 | भोपाल | DRILLING OF 200 MM DIA 150 METER DEEP ORDINARY TUBEWELLS IN DIFFERENT VILLAGES OF BLOCK BERASIA/PHANDA DISTRICT BHOPAL UNDER JAL JEEWAN MISSION, No. of Tubewells- 60 Nos. (Group-01) | 12500.00 | 13800000/- | 138000.00 | 15.01.2025 | (1) 12 माह (वर्षाकाल सहित) (2) लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य है। (3) प्रथम आमंत्रण |
| 2024_PHED_391052_1 | भोपाल | DRILLING OF 200 MM DIA 150 METER DEEP ORDINARY TUBEWELLS IN DIFFERENT VILLAGES OF BLOCK BERASIA/PHANDA DISTRICT BHOPAL UNDER JAL JEEWAN MISSION, No. of Tubewells- 60 Nos. (Group-02) | 12500.00 | 13800000/- | 138000.00 | 15.01.2025 | (1) 12 माह (वर्षाकाल सहित) (2) लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य है। (3) प्रथग आमंत्रण |

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-20896/24 कार्यपालन यंत्री (भवन) स्वा. या. खण्ड, भोपाल


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022